हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 6 मई 2025

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

13 कलेक्टर ने मोंगरागहन के ग्रामीणों की समस्या को...



14 न्यायालयीन आदेश का पालन नहीं, जोगीडीह में...





## खबर संक्षेप

### सेजेस गोकुलपुर में 7 मई को निकलेगी लॉटरी

**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल गोकुलपुर में शिक्षा सत्र 2025-26 की कक्षाओं में प्रवेश के लिए लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि लॉटरी 7 मई को दोपहर 12 बजे चयन समिति, जनप्रतिनिधि और पालकों की उपस्थिति में निकाली लाएगी। लॉटरी में चयनित सूची के विद्यार्थियों के सभी दस्तावेजों की जांच के बाद 15 मई तक सुबह 11 बजे से प्रवेश की कार्रवाई की जाएगी।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस 8 को

**धमतरी।** विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन 8 मई को होगा। इस अवसर पर जिला अस्पताल धमतरी में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अधिक से अधिक लोगों के रक्तदान शिविर में शामिल होकर जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने की अपील की है।

### उज्ज्वल ने जेईई की परीक्षा पास की

**धमतरी।** उज्जवल निषाद ने जेईई (मेन) की परीक्षा अच्छे रैंक से पास कर समाज एवं परिवार को गौरवान्वित किया। वे पुष्पा एवं देवा निषाद के पुत्र हैं।



उज्जवल शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रहे। उनकी इस उपलब्धि पर धीवर समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर, कोषाध्यक्ष सोनू नाग, फिरोज हिरवानी, विष्णुप्रसाद निषाद, दुर्गेश रिगरी, राजू ओझा, कृष्णा हिरवानी, तीरथराज फूटान, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष संध्या हिरवानी, अध्यक्ष आशा धीवर, धृति हिरवानी, शत्रुघन धीवर, यशवंत कोसरिया, राजकुमार फूटान, प्रकाश नाग ने हर्ष जताया है।

### जनगणना से शासन की सुविधाओं व आरक्षण का लाभ मिलेगा : मारोठे

**धमतरी।** छग वाल्मीकि समाज सोशल मीडिया प्रभारी व कांग्रेस नेता अविनाश मारोठे ने कहा कि



केंद्र सरकार ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मांग को मानते हुए जाति जनगणना कराने की घोषणा की है जिसमें वाल्मीकि समाज और अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग को आरक्षण का फायदा मिलेगा। आगे कहा कि जब भी कोई शासकीय कर्मचारी जाति जनगणना के लिए आपके घर पहुंचे तो उसे अपना गोत्र न बताकर अपनी जाति स्पष्ट रूप से बताएं। इससे शासन की सुविधाओं और आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। जनगणना में अनुसूचित जाति, जनजाति जाति समाज की संख्या स्पष्ट रूप से सामने आयेगी तो इससे उनकी ताकत भी समझ में आएगी।

उठाव होने के बाद पेमेंट नहीं मिलने से बढ़ी किसानों की परेशानी

# भुगतान नहीं, कोचियों और व्यापारियों की ओर डायवर्ट हुए चना उत्पादक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

समर्थन मूल्य पर शासन को चना बेचकर किसान परेशान हैं। आज तक चना खरीदी का एक रूपए भुगतान नहीं किया गया है। किसान लगातार समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। कई किसानों ने तो सुशासन तिहार में भुगतान दिलाने का आवेदन किया है। अब तक उन्हें भुगतान तो नहीं हुआ है लेकिन इन किसानों के आवेदन का स्टेटस निराकृत दिखा रहा है।



चना का समर्थन मूल्य 5650 रुपए मिलने की उम्मीद में जिले के 2000 से ज्यादा किसानों ने 20000 क्विंटल चना शासन को बेचा है। इसमें से बड़ी मात्रा में चना का उठाव खरीदी केंद्रों से कर लिया गया है लेकिन अब तक इन किसानों को चना का भुगतान नहीं किया गया है। इससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। फसल बेचकर भी किसानों के हाथ खाली हैं। उधर पेमेंट नहीं मिलने की खबर मिलने के बाद बाकी किसानों ने समर्थन मूल्य पर चना बेचना ही बंद कर दिया है। पिछले 20-25 दिनों से खरीदी केंद्रों में नाम मात्र आवक हो रही है। किसान तत्काल पेमेंट की सुविधा मिलने से कोचियों और व्यापारियों की ओर डायवर्ट हो गए हैं। वहां पर किसानों से 5300-5400 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों से चना खरीदा जा रहा है। कीमत कम होने के बाद भी किसान व्यापारियों और कोचियों को ही चना बेच रहे हैं।

#### शिकायत कलेक्टर तक पहुंची

खरीदी शुरू हुए करीब माहभर हो गए हैं। किसानों को आश्वासन दिया गया था कि उठाव होते ही कम्पनी द्वारा चना खरीदी की राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। अब तो थोड़ा बहुत चना को छोड़कर बाकी का उठाव हो चुका है। इसके बाद भी किसानों को भुगतान नहीं किया जा रहा है। भुगतान नहीं होने की शिकायत कलेक्टर तक भी पहुंची है। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कृषि उत्पादन आयुक्त को पत्र लिखकर भुगतान करने का आग्रह किया है। कुछ दिन पहले कृषि उत्पादन आयुक्त धमतरी पहुंची थीं। उनके सामने भी भुगतान नहीं होने की समस्या रखी गई थी।

#### सुशासन में किया आवेदन

सुशासन तिहार में करीब 10 किसानों ने चना बेचने के बाद पेमेंट नहीं मिलने की शिकायत की है। उन्होंने शीघ्र ही चना का भुगतान करने की मांग भी रखी है। अब तक इन किसानों को चना का भुगतान नहीं मिला है, लेकिन आवेदन का स्टेटस निराकृत दिखा रहा है। किसानों को आश्वासन दिया गया है कि उनका आवेदन संबंधित विभाग को फारवर्ड कर दिया गया है। जल्द ही भुगतान किया जाएगा। उधर पेमेंट नहीं मिलने के बाद भी आवेदन को निराकृत बताने से किसान और परेशान हैं।

#### आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसान

किसान तरूण साहू कोर्रा, बंशीलाल साहू, भोजराज साहू ने बताया कि किसानों के पास आवक का एक ही स्त्रोत है और वह है उपज। उपज की कीमत नहीं मिलने से किसानों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि जिन किसानों ने धान लगाया था, उनकी उपज मंडी में बिक रही है। तत्काल भुगतान भी मिल रहा है। शासन की बात मानकर चना लगाने वाले किसान खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। उपज बेचने के बाद भी उनके हाथ खाली हैं। उन्होंने बताया कि शादी ब्याह सहित खरीफ की खेती के लिए किसानों को पैसों की जरूरत है। भुगतान नहीं मिलने से वे परेशान हैं।

# यात्रियों से भरी लग्जरी बस खड़े ट्रक से टकराई, हेल्पर की मौत

- एनएच में बालोदगहन के पास हुए हादसे में कई यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





नेशनल हाईवे से गुजर रही हाई स्पीड लग्जरी बस चालक की लापरवाही के कारण सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे टकरा गई। घटना में बस के हेल्पर की मौत हो गई वहीं सवार कई यात्री घायल हो गये हैं।

मिली जानकारी के अनुसार महिन्द्रा ट्रेव्हल्स की लग्जरी बस क्रमांक सीजी 04 पीडब्ल्यू 5480 रविवार की शाम 4.30 बजे भोपालपटनम से सवारी भरकर रायपुर के लिये निकली थी। बस को सोमवार की सुबह 4.30 बजे रायपुर पहुंचना था। बस को मुकेश साहू धमतरी निवासी चला रहा था। भोपालपटनम से जगदलपुर तक बस सुरक्षित पहुंच गई। जगदलपुर में और सवारी बैठाने के बाद बस रात्रि में रायपुर के लिये निकल गई। बस चलाते समय चालक बार-बार सो रहा था जिसे देख सवार यात्रियों ने बोरगांव ढाबा सहित रास्ते में पड़ने वाले अन्य ढाबों में बस को रूकवाकर ड्राइवर पर पानी छिटककर उसे जगा रहे थे। इस दौरान यात्री चालक को बस को आगे ले जाने से मना कर रहे थे लेकिन चालक बस को खड़ा करने के बजाय आगे बढ़ाता रहा। किसी तरह बस चारामा जगतरा पारकर पुरूर थाना क्षेत्र पहुंच गई। इसी दौरान ग्राम बालोदगहन के पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था। तेज रफ्तार लग्जरी बस चालक की लापरवाही के कारण सोमवार की सुबह लगभग 3.30 बजे सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा घुसी। बस के ट्रक से टकराने के बाद सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। यात्रियों ने फोन में अपने परिजनों को घटना की सूचना देकर मदद के लिये बुलाया। घटना को देख आसपास के लोग बस में सवार यात्रियों को बाहर निकालने में जुट गये। सूचना पर पुरूर पुलिस घटनास्थल पहुंच यात्रियों की मदद में जुट गई। इस घटना में बस के हेल्पर रामप्रसाद मरकाम निवासी फरसगांव क्षेत्र की मौत हो गई वहीं दर्जन भर यात्री घायल हो गये। घायलों को संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिये जिला अस्पताल व मसीही अस्पताल भेजा गया। इस घटना में बस चालक व परिचालक भी घायल हुये हैं। जानकारी मिलते ही महापौर रामू रोहरा सहित अन्य लोग जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों की स्थिति देख समुचित उपचार व रेफर करने की व्यवस्था की। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को रायपुर रेफर किया गया। वहीं घटना में मृत हेल्पर को पोस्टमार्टम के लिये पुरूर पुलिस ने गुरूर भेज दिया।

#### घटना में ये हुए हैं घायल

इस भीषण सड़क दुर्घटना में घायल किरण गुप्ता उम्र 31 वर्ष गौरी नगर रूद्री, नैना राठी 34 वर्ष रायपुर, ममता भोई 33 वर्ष, करूणा 36 वर्ष जगदलपुर, पुन्नी साव 57 वर्ष व पति हेमसागर साव 62 वर्ष रायगढ़, मानसी सेन 20 वर्ष रायपुर को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। वहीं चालक मुकेश साहू धमतरी निवासी, कंडक्टर बंशीलाल रायपुर निवासी व अन्य घायल को मसीही अस्पताल पहुंचाया गया।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

# तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, दो युवक की मौत

- मगरलोड के जयस्तंभ चौक के पास हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड के जयस्तंभ गुरु घासीदास चौक के पास सोमवार की तड़के सुबह 5 बजे भरदा की ओर से तेज रफ्तार आ रही पल्सर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। बाइक में दो युवक साहिल साहू उर्फ दीपांशु एवं टेमन साहू दोनों ग्राम भरदा थाना भखारा निवासी सवार थे। इस घटना में दीपांशु साहू की मौके पर ही मौत हो गई है। लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सहायक उपनिरीक्षक धनीराम नेताम ने स्टाफ के साथ पहुंचकर दोनों युवक को मगरलोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने दीपांशु को मृत घोषित कर दिया एवं गंभीर रूप से घायल युवक टेमन साहू की दोनों टांग टूटने के कारण उसे तत्काल 108 एंबुलेंस से रिफर किया गया। घायल को जिला जिला अस्पताल लाया गया जहां से रिफर किये जाने पर 108 एम्बुलेंस द्वारा रायपुर ले जाया जा रहा था। अभनपुर के आसपास युवक ने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पल्सर की रफ्तार इतनी थी कि 200 मीटर दूर जाकर एक सीढ़ी से टकराकर चकनाचूर हो गई। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है। इस दौरान मगरलोड सहायक उपनिरीक्षक धनीराम नेताम, प्रधान आरक्षक रामदीन मरकाम, आरक्षक गोविंदा घृतलहरे, अजय गिरी, धर्मेंद्र साहू, श्री कतलम, प्रफुल्ल रात्रे मौजूद थे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

**धमतरी।** अलग-अलग जगह हुई घटना व दुर्घटना में दो युवक की मौत हो गई है। वहीं एक युवक घायल हो गया है।



अस्पताल पुलिस के अनुसार बीरेंद्र यादव पिता लालाराम उम्र 19 वर्ष ग्राम कुर्रा थाना भखारा निवासी रविवार को घर की बाइक से गांव के सोमप्रकाश यादव के साथ किसी काम से ग्राम लोहारपथरा गया था। उसी दिन रात्रि लगभग 8.30 बजे दोनों युवक लोहारपथरा से बाइक में सवार होकर वापस अपने घर कुर्रा लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम चरोटा के कबीर आश्रम के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकल चालक ने युवकों की बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में बीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं सोमप्रकाश को मामूली चोट आई थी। घायलों को रात्रि में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान घायल बीरेंद्र यादव की मौत हो गई।

#### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

अन्य घटना में भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगदेही निवासी डापेंद्र साहू पिता तारम 22 वर्ष रविवार की रात्रि कमरे में रखे कूलर में पानी भर रहा था। इसी दौरान युवक करंट की चपेट में आ गया। उसे



उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

गुणवत्ताहीन भवन की 20 साल में हालत खराब

# जर्जर सरसोंपुरी स्कूल में पढ़ाई हुई मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बीस साल में ही सरसोंपुरी माध्यमिक शाला



भवन जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। बारिश में तो यहां बैठने के लायक भी जगह नहीं होती है। उपसरपंच सहित ग्रामीणों ने जनदर्शन में आवेदन देकर नए शिक्षण सत्र में नए सिरे से शाला भवन बनाने की मांग की है।

ग्राम पंचायत बिजनापुरी के उपसरपंच खेमलाल साहू ने बताया कि उनकी पंचायत के आश्रित गांव सरसोंपुरी के माध्यमिक शाला भवन और बालक शौचालय की स्थिति दयनीय हो चुकी है। यह भवन सर्व शिक्षा अभियान के तहत वर्ष 2005-06 में बना था। गुणवत्ता के अभाव में भवन जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। अब यह भवन बैठने लायक भी नहीं है। पंखा चलाने पर छत से कांक्रीट के टुकड़े गिरते हैं। बारिश के दिनों में जगह-जगह से पानी टपकता है। ऐसे में यहां पढ़ाई करना खतरे से खाली नहीं है। उन्होंने बताया कि बालक शौचालय की स्थिति भी दयनीय हो चुकी है। उन्होंने नए शिक्षण सत्र में माध्यमिक शाला का उन्नयन करते हुए नया भवन और शौचालय बनाने की मांग की है।







## खबर संक्षेप

### नैतिक 99 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण



**कुरुद।** सरस्वती शिशु मंदिर सिलौटी में कक्षा उदय में अध्ययनरत छात्र नैतिक सिन्हा पिता शशिकांत सिन्हा सेमरा निवासी ने 99 प्रतिशत अंक लेकर शाला, गांव एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। गजेन्द्र कुमार सिन्हा, उत्तरा बाई सिन्हा, नितिका सिन्हा ने हर्ष व्यक्त किया है।

### निजी विद्यालय संघ के विनोद पांडेय कोषाध्यक्ष एवं पारख सहसचिव बने





**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी एवं प्रदेश सचिव मनोज पाण्डेय ने कार्यकारिणी सदस्यों का विस्तार किया। विनोद पांडेय संचालक ज्ञान अमृत विद्यालय धमतरी को प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं पारखदास मानिकपुरी संचालक रेनबो इंग्लिश मीडियम स्कूल छोटी करेली मेघा को प्रदेश सहसचिव चुना गया।

### जोरातराई (अं) में होगी कबड्डी प्रतियोगिता 17 को

**अंवरी।** ग्राम जोरातराई (अं) में एक दिवसीय रात्रिकालीन राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 17 मई शनिवार को रखी गई है। प्रथम पुरस्कार 10,000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7,000 रूपये, तृतीय पुरस्कार 4,000, चतुर्थ पुरस्कार 2,000 रूपये रखा गया है। प्रतियोगिता की तैयारी में जय बजरंग दल कबड्डी समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष मनीष पाल समेत अन्य जुटे हैं।

### गौरव पथ पर नपं ने चलाया सफाई अभियान

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड नंबर 8 स्थित गौरव पथ पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा एवं पार्षद अधिकारी कर्मचारियों ने सफाई अभियान चलाया। नगर के गौरव पथ पर सफाई अभियान की शुरुआत करते हुए सड़कों पर झाड़ू लगाने के साथ नाली पर बने अस्थाई अतिक्रमण एवं नाली के स्लैब के ऊपर जमे कचरे को निकाला। बरगद चौक से लेकर कृषि उपज मंडी तक दोनों और नगर पंचायत के समस्त पार्षद, स्वच्छता दीदी सफाई कर्मी झाड़ू लगाते व कचरा को उठाते हुए चल रहे थे जिसे देख वहां के वार्डवासी भी स्वच्छता के प्रति जागरूक दिखे और आगामी भी इसी तरह का अभियान चलाकर गौरव पथ को स्वच्छ व सुंदर रखने का आग्रह किया। नगर पंचायत नगरी में महीने में दो बार विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर नगर की मुख्य जगहों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। माता तालाब, गांधीसागर तालाब के बाद गौरव पथ की साफ सफाई की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा।

V SMILE DENDAL
Job Vacancy
डेन्टल क्लीनिक में स्टॉफ जॉब के लिए युवतियों की आवश्यकता है
वी. स्माईल डैंटल सेंटर साहू हॉस्पिटल
श्याम होण्डा के पास, धमतरी
मो. 78796-41171, 98933-99897

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

कलेक्टर ने किया शिविरों का निरीक्षण, आवेदनों के निराकरण सहित योजनाओं की दी जानकारी

# पहले दिन अकलाडोंगरी, जोरातराई कुकरेल में लगा समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में 5 मई से सुशासन तिहार के तहत तीसरे चरण में समाधान शिविर शुरू हो गए हैं। पहले दिन धमतरी के अकलाडोंगरी, कुरूद के जोरातराई और नगरी के कुकरेल में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान सुशासन तिहार में मिले आवेदनो के निराकरण के संबंध में आवेदकों को जानकारी दी गई।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शिविरों का निरीक्षण अकलाडोंगरी और कुकरेल में आयोजित शिविरों का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार अंतर्गत लगने वाले शिविरों में परिहवन विभाग का भी स्टाल लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य परिवहन विभाग संबंधी कार्य किये जाए। अकलाडोंगरी में लगे समाधान शिविर में कलेक्टर श्री मिश्रा और सीईओ जिपं श्रीमती रोमा श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। इस दौरान बताया गया कि ग्राम अकलाडोंगरी में लंबे समय से पानी की समस्या का निराकरण करते हुए जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण और पाईप लाइन विस्तार कर चालू किया गया। ग्राम पंचायत मोंगरागहन के पास पुलिया निर्माण की मांग लंबित थी, जिनकी विभाग द्वारा स्वीकृति दी गई। समाधान शिविर अकलाडोंगरी में श्रम विभाग के 6 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, जनपद पंचायत धमतरी द्वारा 26 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश, प्रधानमंत्री आवास के तहत 12 हितग्राहियों को घर की चाबी और 14 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरण किया गया। ग्राम अकलाडोंगरी में आयोजित क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर में चिखली, अकलाडोंगरी, तिर्रा, कोड़ेगांव रै., कोड़ेगांव बी, और मोंगरागहन को शामिल किया गया। कुरूद के ग्राम जोरातराई (सी) के समाधान शिविर में ग्राम सेमरा सी, कोर्रा, जोरातराई सी, जुगदेही, भेण्डरा, सिलौटी, तर्रागोंदी, गातापार (को), चरोटा एवं इर्रा को शामिल किया गया। इस क्लस्टर में 5 हजार 685 मांग एवं 123 शिकायत संबंधी आवेदन मिले थे। जोरातराई में आयोजित समाधान शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्राम चरोटा ,खपरी सि, टिपानी के कुल 15 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख का विवरण किया गया है। तीन व्यक्तियों का जाति प्रमाण बनाया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा एक हजार 710 परिवारों का आवास सर्वे किया जा चुका है। श्रम विभाग द्वारा शिविर में 11 हितग्राहियों को श्रम कार्ड दिया गया। नगरी के कुकरेल में लगे समाधान शिविर में ग्राम माकरदोना, कुकरेल, सियादेही, कांटाकुर्रीडीह, बनबगौद, दरगहन, सलोनी, छुही, केरेगांव, बाजार कुर्रीडीह, डोकाल, झुरातराई, सियारीनाला, चनागांव, भोथापारा और कुम्हड़ा शामिल किए गए। यहां कुल 8 हजार 685 आवेदनों का निराकरण किया गया।

# छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज ने मनाई जगतगुरु शंकराचार्य की जयंती

- शंकराचार्य ने सनातन की मजबूती के लिए उल्लेखनीय कार्य किए : अरूण साव
- धमतरी जिले से बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के तत्वावधान में जगतगुरु शंकराचार्य की जयंती शहीद स्मारक भवन रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष मोहनपुरी गोस्वामी की अध्यक्षता में मनाई गई। इस आयोजन में धमतरी जिला से बड़ी संख्या में गोस्वामी समाज के लोग सम्मिलित हुए।

मुख्य अतिथि अरुण साव उपमुख्यमंत्री थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीनल चौबे महापौर नगर निगम रायपुर ने की। विशेष अतिथि डॉ महंत रामसुंदर दास दूधाधारी मठ रायपुर तथा महंत श्रीश्री 1008 विवेक गिरी महाराज और कांपा आश्रम तथा महाराज शिवानंद तीर्थ ऋषिकेश, निजा सरस्वती अमरकंटक धाम मध्यप्रदेश, महंत हरभूषण गिरी, सुरेंद्र पुरी, अखिलेंद्र पुरी, कुमार गिरी, चिंतामणि थे।

समाज के युवा वर्ग द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि श्री साव ने कहा कि भगवान शंकराचार्य ने सनातन की मजबूती के लिए जो कार्य किए हैं उनका ऋणी संपूर्ण सनातन समाज रहेगा। प्रतिकूल परिस्थितियों में सनातन को मजबूती प्रदान करने के लिए भगवान शंकराचार्य का प्रकटीकरण हुआ। उनके ही प्रयास से सनातनियों को चारों धाम की व्यवस्था सुदृढ़ हो पाई।

डॉ महंत रामसुंदर दास ने कहा कि भगवान शंकराचार्य जैसी हस्तियां अगर भारत में न होती तो शायद सनातन का सुरक्षित रह पाना असंभव था। विवेक गिरी ने बताया कि भगवान शंकराचार्य के अवतार के समय धर्म की हानि हो रही थी और सनातन के अस्तित्व को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा था। श्रीमती मीनल चौबे महापौर, एलपी गोस्वामी एवं महंत सुरेन्द्र पुरी गोस्वामी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

मौके पर महंत हरभूषण गिरी, विनोद पुरी, सुरेंद्र पुरी, चिंतामणि गिरी, अखिलेंद्र पुरी, कुमार गिरी, ओमकार पुरी, संजय गिरी, प्रभाकर बन, सुधीर बन, नारायण गिरी गोस्वामी, हेमन्त गिरी गोस्वामी, नीलम बन गोस्वामी, टकेश्वर पुरी गोस्वामी समेत अन्य उपस्थित थे। यह जानकारी नरेंद्र पुरी पूर्व महासचिव एवं प्रचार सचिव हेमंत बन गोस्वामी ने दी।

# जुंबा डांस में थिरके पीजी कालेज के छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में फिट फ्यूजन कार्यक्रम हुआ। महाविद्यालय की छात्रा अपर्णा शर्मा एवं भावना साहू ने जुंबा डांस कराया। प्राचार्य डॉ. वीके पाठक ने बताया कि जुम्बा एक ऐसा व्यायाम है जिसमें लैटिन अमेरिकी नृत्य की विभिन्न शैलियों से प्रेरित होकर संगीत के साथ व्यायाम किया जाता है। यह एक समूह व्यायाम है जिसमें साल्सा और एरोबिक्स का संयोजन होता है।

वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. अमरसिंह साहू ने कहा कि जुम्बा पूरे शरीर को कसरत प्रदान करता है, जो हृदय स्वास्थ्य में सुधार, लचीलापन बढ़ाने और ताकत बनाने के लिए वैज्ञानिक रूप से सिद्ध है।

कार्यक्रम में प्रो. निरंजन कुमार, प्रो. पीएन भारती, प्रो. कुशल चोपड़ा, डॉ कामिनी सिन्हा, प्रो. भीषम साहू, डॉ अश्वनी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

बांसपारा वार्ड में सामुदायिक शौचालय का बुरा हाल, दरवाजा टूटा सीट खराब, टोटी गायब

# खुले में शौच जाने वार्डवासी मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





एक ओर जहां सरकार शहर से लेकर गांवों को खुले में शौचमुक्त करने का दावे करती है तो वहीं दूसरी तरफ नगर निगम की अनदेखी से सामुदायिक शौचालय अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। दरअसल शहर के बांसपारा वार्ड में सार्वजनिक सुलभ शौचालय बना है। किन्तु इस शौचालय में गंदगी पसरी है। सुलभ का दरवाजा टूटा हुआ है। नल की टोटी टूट फूट गई है जिससे 24 घंटे पानी बहा रहा है। टायलेट सीट खराब है । बदबू से वार्डवासी काफी परेशान हैं। नियमित साफ-सफाई नहीं होने से लोगों को परेशान होना पड़ता है। खासकर महिलाओं को सबसे ज्यादा दिक्कतें होती हैं। अधिकारियों की लापरवाही से लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी शौचालयों का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है।

स्थानीय नागरिक पंकज यादव, संतराम, शेष साहू ने कहा कि सरकार के खुले में शौचमुक्त करने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। शौचालयों की सफाई न होने की वजह से लोगों को खुले में शौच जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस समस्या का प्राथमिकता से हल होना चाहिए। नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को कई बार उठा चुके हैं, लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हुई। अन्य वार्डवासी प्रभात, महावीर यादव, महेश निर्मलकर, निखिल, ईश्वर निर्मलकर, राहुल, योगेश, लारा साहू, बिमला निर्मलकर, गायत्री निर्मलकर, सौहाद्री बाई, सावित्री बाई ने कहा कि अगर निगम इसे जल्द नहीं बनाएगा तो हम धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# ब्रम्हाकुमारीज संस्थान ने महापौर सभापति, पार्षदों का किया सम्मान



- जो ज्ञान हमें किताबों में नहीं मिलता, वह इस सेंटर में प्राप्त होता है : रोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारीज धमतरी द्वारा महापौर, सभापति एवं वार्ड पार्षदों का सम्मान किया गया। बच्चों द्वारा सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई।

सरिता दीदी ने अतिथियों का सम्मान करते हुए कहा कि आप सभी को जनता की सेवा करने का सुंदर अवसर मिला है। जैसे घर के मुखिया पर पूरे परिवार की जिम्मेवारी होती है वैसे ही आप पर पूरे शहर की जिम्मेदारी है। ऐसे ही स्वयं परमपिता परमात्मा शिव पूरे विश्व का मुखिया है जो विश्व को पतित से पावन बनाने आया है।

मुख्य अतिथि रामू रोहरा ने कहा कि सारा शहर नया धमतरी देखना चाहता है। मैं और हम सभी 40 पार्षद धमतरी शहर का नक्शा बदल देंगे। हमें जनता के विश्वास पर खरा उतरना है। आज हमारा जो श्रृंगार हुआ है, ऐसा ही श्रृंगार हमें शहर का करना है। उन्होंने आगे कहा कि जो ज्ञान हमें किताबों में नहीं मिलता, वह इस सेंटर में प्राप्त होता है। बीके प्राजक्ता ने सभी को आध्यत्मिक एक्टिविटी कराई। सभी को एक मास के लिए होम वर्क के रूप में एक शक्ति का कार्ड दिया। मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन कामिनी कौशिक ने किया।

# सर्वोदय स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल का परीक्षाफल घोषित हुआ। कक्षा नर्सरी में प्रथम तीक्षा देवांगन, द्वितीय अनन्या सोनी, तृतीय प्रियांशी जोशी, एल.के.जी. में प्रथम सोमकृष्ण नेताम, द्वितीय उर्वी नेताम, तृतीय आरूश वर्मा, यू.के.जी. में प्रथम मेघा देवांगन, द्वितीय पृथा कौशिक, तृतीय मोक्ष ध्रुव, कक्षा पहली में प्रथम रूद्रांश सोनी, द्वितीय डेजी देवांगन, तृतीय मो.करीम, तृतीय सौमित साहू, कक्षा दूसरी में प्रथम रिफा, द्वितीय खुशवीर शर्मा, तृतीय पूर्वी साहू, कक्षा तीसरी में प्रथम लोकान्जलि नागवंशी, द्वितीय अनिता निषाद, तृतीय दीप्ति सोनी, कक्षा चौथी में प्रथम रियार्थ देवांगन, द्वितीय एकता, तृतीय मयंक चौधरी, कक्षा छटवीं में प्रथम प्रियांश साहू, कृषका बंजारे, तृतीय हिमांशु तिवारी, सातवीं में प्रथम लिकेश, द्वितीय तेजस्विनी यादव, तृतीय सीमा सिन्हा, 9 कक्षा नवमी में प्रथम उपासना साहू, द्वितीय झनिका साहू, तृतीय खुशबू साहू, कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय में प्रथम डॉली देवांगन, द्वितीय सिद्धार्थ साहू, तृतीय मितेष साहू, कक्षा 11वीं कॉमर्स में प्रथम काजल देवांगन , द्वितीय अलीफा फातिमा, तृतीय प्रवीणा देवांगन, कक्षा 11वीं (कृषि) में प्रथम टिकेश्वर साहू, द्वितीय प्रणय हलदार, तृतीय दीपक ध्रुव रहे।

इस अवसर पर कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राचार्य तारा सिन्हा, मैनेजिंग डायरेक्टर निशांत सिन्हा एवं डायरेक्टर टीआर सिन्हा द्वारा प्रशस्ति पत्र, मैडल देकर सम्मानित किया गया।

# वार्डवासी गंदे पानी में नहाने को मजबूर

- आमातालाब में फैली गंदगी शिकायत के बाद भी नहीं हो रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶भखारा



नगर पंचायत भखारा के स्वामी विवेकानंद एवं घासीदास वार्ड के समीप स्थित आमा तालाब में वार्डवासियों की निस्तारी होती है। उक्त तालाब में लंबे समय से गंदगी फैली हुई है, जिससे वार्ड के नागरिकों को गंदगी के समीप ही नहाना पड़ता है। वार्डवासी लंबे समय से तालाब सफाई की मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक इस समस्या की तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया। नगर पंचायत द्वारा बीते महीने भठेली भखारा के एक तालाब की सफाई जेसीबी से कराई गई थी जिसे देखकर वार्डवासियों को उम्मीद थी कि आमातालाब की भी सफाई की जाएगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं है। वार्डवासी अभी भी दूषित जल में नहाने को मजबूर हैं। वार्डवासियों ने नगर पंचायत अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से तालाब से गंदगी कचरा हटाने की मांग की है।

दहदहा में आयोजित नि:शुल्क कोचिंग क्लास में सभी समाज के छात्र-छात्राएं ले रहे भाग

# विद्यार्थियों को अपना स्वयं का मूल्यांकन करना चाहिए





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

परिक्षेत्र साहू समाज मौरीखुर्द कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा निशुल्क शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर 30 मई तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दहदहा में आयोजित है। कक्षा नवमी से 12वीं तक के सभी समाज के छात्र-छात्राएं सभी विषयों का निशुल्क अध्ययन-अध्यापन कार्य व करियर मार्गदर्शन ले रहे हैं।

साथ ही सप्ताह में एक दिन वरिष्ठ सामाजिक, धार्मिक कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी एवं साधु संतों के द्वारा देश, धर्म, संस्कृति की रक्षा एवं करियर से संबंधित मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के सहसेवा प्रमुख मोहनलाल साहू ने भारत के गौरवशाली इतिहास पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमें अपने धर्म, संस्कृति पर गौरवान्वित होना चाहिए। हमें अपने जीवन में सभी वंचित, पीड़ित, अभावग्रस्त, शोषित लोगों की सेवा निश्चल, निर्मल भाव के साथ करनी चाहिए। यही नर सेवा से नारायण सेवा है। विद्यार्थियों को अपना स्वयं का मूल्यांकन करना चाहिए। जीवन में अनुशासन हमेशा बनाए रखना चाहिए।

अपने जीवन का कुछ समय हमें अपने समाज, गांव और देश के लिए देना चाहिए। निःशुल्क शैक्षिक एवं कैरियर मार्गदर्शन में शिक्षक गोविंद साहू, होमेन्द्र, हरिनारायण, ठाकुर राम, गौतम साहू, संजय साहू के साथ परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारी, सदस्य जुटे हुए हैं। यह जानकारी साहू समाज मौरीखुर्द परिक्षेत्र अध्यक्ष पोषण साहू ने दी है।

# ब्राम्हण समाज ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

तहसील क्षेत्रीय ब्राम्हण समाज भखारा ने भगवान परशुराम का जन्म उत्सव त्रिकुटी धाम सिहाद में धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष श्रुति, पूर्व महासचिव भूपेंद्र मिश्रा, श्री दीवान उपस्थित थे। अध्यक्षता अंगेश्वर प्रसाद मिश्रा ने की। योगेश्वर उपाध्याय संरक्षक तहसील ब्राह्मण समाज भखारा ने भगवान परशुराम की जीवनी पर प्रकाश डाला। अन्य अतिथि यशवंत शुक्ला अध्यक्ष, घनश्याम तिवारी उपाध्यक्ष, सचिव सुनील तिवारी, कोषाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद शर्मा, मुरलीधर दीवान जिला कार्यकारिणी सदस्य, भानु प्रताप तिवारी जिला कार्यकारिणी सदस्य, रोशन मिश्रा सलाहकार, मोहन शर्मा, विनोद चौबे तहसील कार्यकारिणी सदस्य थे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी को समाज में एक साथ होकर रहना पड़ेगा। मौके पर श्रीमती अनीता शर्मा, वैष्णवी शर्मा, उमा, सुनील तिवारी, राशि तिवारी, प्रभा तिवारी, पीतांबर मिश्रा, कमलेश मिश्रा, चैनु प्रसाद तिवारी, राजा तिवारी, राजा पाठक, आशुतोष पाठक, पंकज शर्मा द्वारिका प्रसाद शर्मा, विजय शर्मा, मनोज अवस्थी, ओम सुलेरे, प्रतीक तिवारी, कृष्णा तिवारी, सुयश तिवारी, श्रुति तिवारी, सीमा उपाध्याय, उषा तिवारी, मगेंद्र शर्मा, दीपक तिवारी, सूर्यकांत पांडे, जगदीश्वर शर्मा, योगेश्वर शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, लेखराज शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, अंकित शर्मा, देवीप्रसाद तिवारी, हरीश चतुर्वेदी, विरेंद्र चौबे समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जाति जनगणना : राहुल को श्रेय देने पर भड़की भाजपा

**कुरुद।** केंद्र सरकार द्वारा आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने की घोषणा के बाद कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल इसका श्रेय राहुल गांधी को दे रहा है। इस पर पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद यदु ने कांग्रेस नेताओं द्वारा इस प्रकार के बयान पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तमाशा कर रही है। श्री यदु ने कहा कि कांग्रेस जाति जनगणना के नाम पर राजनीति कर रही है। आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि 2010 में मनमोहन सिंह ने कहा था कि वह जाति जनगणना को आगे बढ़ाएंगे, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ। जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी सहित सभी पूर्व कांग्रेस नेता हमेशा से इसके विरोध में थे। सच्चाई यह है कि कांग्रेस सिर्फ तमाशा करती है। उसने 70 साल सत्ता में रहने के बावजूद अपने वादे पूरे नहीं किए। हाथी के दांत खाने के कुछ और दिखाने के कुछ और हैं।



- कांग्रेस पार्टी सिर्फ तमाशा करती है : आनंद

### सराईपाली में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**महासमुंद।** 5 मई 2025 को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 42 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। यह डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली डॉ एचएल जांगड़े बीएमओ, डॉ वर्षा सतपथी मेडिकल ऑफिसर, शीतल सिंह बीपीएम, मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे, टेकलाल नायक आदि मौजूद रहे।

### महिला और उसके भाई से मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला ओर उसके भाई के एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को प्रार्थिया ममता देवार ने बताया कि ममता देवार निवासी नयापारा सुबह 5 से 6 बजे के बीच अपने भाई देवा देवार के साथ अपने निजी काम से बाजार ओर जा रही थी, आईडीबीआई बैंक के पास पहुंचने पर आरोपी सागर देवार पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी ने उसे और उसके भाई के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

---

पुल निर्माण एवं बारिश के पूर्व सड़क की मरम्मत कराने अधिकारियों को दिये निर्देश

# कलेक्टर ने मोंगरागहन के ग्रामीणों की समस्याओं को करीब से जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले के अंतिम छोर पर बसे गांव के ग्रामीणों का हाल जानने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा मोंगरागहन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गांव के सरपंच, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को करीब से जाना। सरपंच शैलेष नाग एवं ग्रामीणों ने बताया कि गांव को दूसरे गांवों से जोड़ने वाला एक मात्र पुल पूरी तरह से टूट चुका है, जिसके कारण बारिश के दिनों में गांव का अन्य गांवों से संपर्क टूट जाता है। वहीं बच्चों को स्कूल जाने में भी दिक्कत होने की बात कही। वहीं ग्रामीणों ने बारगरी से हल्बा तक जाने वाली सड़क पूरी तरह खराब होने की भी जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों ने गांव में जंगली जानवरों के आने की भी बात कही। ग्रामीणों ने यह भी जानकारी दी कि गांव में सोरम से बिजली से आती है, जिसके कारण उन्हें कनेक्शन लेने में परेशानी होती है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्रामीणों की बात को संवेदनशीलता के साथ सुना और पुल निर्माण एवं सड़क को बारिश के पूर्व मरम्मत करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने ग्रामीणों से गांव में पेयजल व्यवस्था एवं वाटर लेवल की भी जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में वाटर लेवल सही है और गांव में पानी की समस्या नहीं है। उन्होने आजीविका हेतु किये जाने वाले कार्य, तेन्दूपत्ता संग्रहण एवं महुआ बिनाई की भी जानकारी ली।

# 60 पौवा अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- अर्जुनी पुलिस की कार्रवाई



पुलिस ने ग्राम अछोटा में दबिश देकर अपने पास अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से ग्राम अछोटा में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब रखने व उसकी बिक्री किये जाने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल ग्राम अछोटा पहुंचकर छापामार कार्रवाई कर भूपेन्द्र देवांगन पिता डेरहाराम 35 वर्ष ग्राम अछोटा निवासी को थैले में 60 पौवा अवैध शराब रखकर बिक्री करते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से जब्त अवैध शराब की कीमत 4800 रूपये है। आरोपी अपने घर में अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा था। पुलिस ने आरोपी भूपेन्द्र देवांगन के खिलाफ आबकारी एक्ट 34-ए के तहत वैधानिक कार्रवाई की है।

# जाति जनगणना कराने के फैसले के लिए कांग्रेसियों ने राहुल को दिया श्रेय

केन्द्र में नेता प्रतिपक्ष की तस्वीर का दूध से अभिषेक कर जताया आभार, बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



केंद्र सरकार द्वारा जाति जनगणना कराने के निर्णय के बाद ब्लाक कांग्रेस कमेटी व युवा कांग्रेस के तत्वावधान में कांग्रेस भवन कुरुद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व संविधान निर्माता भारतरत्न भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर केन्द्र में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की तस्वीर का दूध से अभिषेक कर आभार व्यक्त किया गया।

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि जाति जनगणना के लिए कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी ने कई साल से सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ी। परिणामस्वरूप केन्द्र सरकार को जाति जनगणना कराना स्वीकार करना पड़ा। हम राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे व राहुल गांधी का आभार व्यक्त करते हैं। युकांध्यक्ष एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने कहा कि सामाजिक न्याय और समानता के लिए निरंतर संघर्ष करते हुए राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की मांग को लेकर सड़क से लेकर सदन तक मुखरता से उठाया। उनके अथक प्रयास के परिणामस्वरूप केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर झुकना पड़ा, जो सामाजिक न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने केंद्र सरकार पर दबाव बनाया। कश्मीर से कन्याकुमारी तक हर सभा में कहा कि जातिगत जनगणना होनी चाहिए। जाति जनगणना से सभी जाति को न्याय मिल पायेगा। कांग्रेसियों ने इस ऐतिहासिक फैसले के लिए मिठाई बांटी। इस अवसर पर राजकुमारी दीवान, श्रीमती तारिणी चन्द्राकार, प्रहलाद चंद्राकर, रमेशर साहू, रमेश पाण्डेय, पार्षद अर्जुन ध्रुव, इंद्रजीत, उमेश साहू, मनोज अग्रवाल, संतोष प्रजापति, तुकेश साहू, गुरुदेव महिपाल, योगीराज चन्द्राकार, पप्पू शर्मा उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी निर्माण पर वन विभाग की आपत्ति

- जर्जर वनरक्षक आवास पर संचालित हो रही है आंगनबाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



वनांचल ग्राम एकावारी में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी पर वन विभाग की आपत्ति को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी सहित ग्रामीण महादेव वट्टी, संतुराम मरकाम, कमलकुमार, पुनीतराम, रामदेव, रूपसिंग, हीरालाल ने बताया कि ग्राम एकावारी में आंगनबाड़ी जर्जर होने पर नवीन आंगनबाड़ी की मांग की गई थी। आंगनबाड़ी की स्वीकृति मिलने पर नवीन आंगनबाड़ी का निर्माण शुरु किया। आंगनबाड़ी की नींव डालने का पूर्ण हो चुका है। निर्माण कार्य के दौरान रिसगांव वन परिक्षेत्राधिकारी ने वन अधिनियम का हवाला देते हुए और गैर वानिकी कार्य परियोजना बताते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। सरपंच ने वन विभाग के उच्च कार्यालय से पत्राचार किया फिर भी निर्माण कार्य को अनुमति नहीं मिली है। कार्य बंद होने से छड़, सीमेंट, रेत आदि निर्माण सामग्री खराब होने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी संचालन के लिए वन विभाग ने वनरक्षक आवास को दिया है। वह भवन भी जर्जर है। यहां कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से नवीन आंगनबाड़ी निर्माण के लिए अनुमति दिलाने की मांग की है।

# बारना स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



शासकीय स्कूल बारना में पांचवीं, आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। धरम कुमार 93.5 प्रतिशत के साथ प्रथम, दिव्यांशु पटेल 92.5 प्रतिशत द्वितीय व गौरव उपाध्याय 92 प्रतिशत तृतीय रही। इसी प्रकार आठवीं में डेमिन 96.5 प्रतिशत के साथ प्रथम, पुष्पेंद्र पटेल 93.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं धारिका पटेल 93.3 प्रतिशत के साथ कक्षा में तृतीय रही। संयुक्त रूप से दोनों बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। प्रधानपाठकों ने बताया कि पांचवीं का परीक्षा परिणाम 93.75 व आठवीं का 86.4 प्रतिशत आया है। मौके पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोहित प्रजापति, ज्ञानेश्वर उपाध्याय, रामकुमार सोनी, ओमप्रकाश प्रजापति, प्रधानपाठिका श्रीमती गोमती साहू, पवन साहू, हीरालाल साहू, सत्यवान साहू, शिवकुमार तारक, तरुण वर्मा, श्रीमती सुलोचना पटेल, श्रीमती कुसुमलता उपाध्याय ने उत्तीर्ण बच्चों को पेन और कापी देकर उसका उत्साहवर्धन किया।

# आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि सेवा और जीवनशैली का पर्याय है

- विचार-परिचर्चा में जिले भर के आयुर्वेद चिकित्सक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आयुर्वेद अधिकारी संघ जिला शाखा धमतरी द्वारा विचार-परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष डॉ. गदाधर पंडा, उपाध्यक्ष डॉ. प्रशांत कश्यप, डॉ. कोमल डोटे, महामंत्री डॉ. प्रशांत रावत, डॉ. अतुल सिंह परिहार, डॉ. रमेश खुंटे, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. ऐश्वर्या साहू सहित जिले भर के आयुर्वेद चिकित्सक उपस्थित थे। डॉ. रविंद्र वर्मा ने संविदा चिकित्सकों की समस्याओं को विस्तार से रखा। डॉ. ऐश्वर्या साहू ने युवा एवं वरिष्ठ चिकित्सकों के बीच सेतु बनकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. अतुल परिहार ने चिकित्सकों की छोटी-छोटी समस्याओं के व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए। डॉ. रमेश खुंटे ने छात्र जीवन की मधुर स्मृतियों को साझा किया। डॉ. प्रशांत रावत ने संगठन की भूमिका और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रशांत कश्यप ने संघ की गतिविधियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। डॉ. कोमल डोटे ने संगठनात्मक एकता और समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. निशांत कौशिक ने आयुर्वेद संदेश पत्रिका के प्रकाशन के उद्देश्य, स्वरूप और योगदान पर जानकारी दी।

प्रांताध्यक्ष डॉ. गदाधर पंडा ने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि सेवा और जीवनशैली का पर्याय है। उन्होंने संगठन की सामूहिक शक्ति पर बल देते हुए कहा कि जब तक हम संगठित नहीं होंगे, तब तक न तो चिकित्सकों की समस्याओं का समाधान संभव है और न ही विभागीय विकास का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। उन्होंने जानकारी दी कि संघ द्वारा आगामी समय में राज्य स्तरीय अभियान, प्रशिक्षण, और नीति संवाद मंच आयोजित किए जाएंगे, ताकि चिकित्सकों की आवाज शासन तक पहुंचे और विभागीय प्रतिष्ठा भी सुदृढ़ हो।

मंच संचालन करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. अवध पचौरी ने कार्यक्रम को आत्मीयता और हास्य के साथ जोड़े रखा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए चिकित्सा क्षेत्र की खट्टी-मीठी यादों को प्रस्तुत किया। डॉ. सेवन्त साहू ने अतिथियों का परिचय कराया। डॉ. प्रवीण चंद्राकर ने आभार प्रदर्शन किया।

# मोतिमपुर की कार्यवाहक सरपंच ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम पंचायत मोतिमपुर में श्रीमती खिलेश्वरी हेमलाल साहू ने कार्यवाहक सरपंच की शपथ ली। मौके पर उपसरपंच चुम्मन साहू, सचिव चंद्रहास साहू, यशोदा, तुलसी, नंदनी, हीरा, नारायण साहू, रामप्रसाद यादव, गोवर्धन, हिरउ, रमेश, तोषण, श्रीराम, धनराज, तुलेश साहू, शत्रुहन, बिसेशर, गोविंद, भूपेश उपस्थित थे।

# महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



महाश्वेता शिशु मन्दिर सुपेला का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 8 वीं में नीलिमा बघेल पिता गौकरण बघेल ने केंद्रीयकृत परीक्षा में 94.67 प्रतिशत अंक के साथ पूरे सेमरा (बी) संकुल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रश्मि पिता राजेश दुबे एवं निकिता पिता ललित दुबे ने 92.17 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं योगेश्वरी पिता रामकुमार यादव ने 91 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 5 वीं में मुदित कुमार पिता प्रेमलाल साहू ने 94.50 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तूलिका देवांगन पिता यशवंत देवांगन 92 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं रिया दुबे 91.50 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार कक्षा केजी 1 से कक्षा 4 थीं एवं कक्षा 6 वीं व 7 वीं का भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

प्रधानपाठक हितेंद्र कुमार साहू, संकुल समन्वयक पंचराम ध्रुव, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पालकगण दिग्विजय साहू, नेतराम, रुमेंद्र साहू, चुरामन साहू, संतोष यदु, लोकेश्वर ठाकुर, खिलावन सेन ,सुरेश कुमार निषाद, यशवंत धनकर, तामेश्वर सोनकर, सुनील कुमार साहू, आमदेव ध्रुव, पूनाराम निषाद, लक्ष्मी नारायण देवांगन ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# रोजगार के लिए दिव्यांग ने मांगा ई-रिक्शा

**धमतरी।** ग्राम पंचायत शंकरदाह के आश्रित ग्राम हरफतराई के दिव्यांग नरोत्तम बंजारे ने रोजगार के लिए ई-रिक्शा, पेंशन और आर्थिक सहायता की मांग कलेक्टर से की है।

नरोत्तम ने बताया कि वह अपनी मां के साथ रहता है। जसगीत, रामायण आदि कार्यक्रमों में ढोलक बजाता है। ढोलक बजाकर उसे जो भी राशि मिल जाती है, उसी से वह अपना गुजारा करता था। 13 दिसंबर 2024 को अचानक पैर में झटका आया और बाएं पैर के नीचे का हिस्सा सुन्न हो गया। जिला अस्पताल में उपचार नहीं हो पाने पर उसे रायपुर एम्स में रिफर किया गया। वहां डाक्टरों ने बताया कि उसके पैर की नस सूख गई है। उसके बाएं पैर को घुटने तक काट दिया गया तब से वह बैसाखी के सहारे हो गया है। 7 वीं तक पढ़ाई करने वाला नरोत्तम कहता है कि मां के भरण पोषण की जवाबदारी उसकी है। दिव्यांग होने से उसे कोई काम नहीं मिलता है। आर्थिक स्थिति कमजोर है। रोजगार के लिए ई-रिक्शा की मांग करते हुए उन्होंने दिव्यांग पेंशन और इलाज के लिए आर्थिक सहायता दिलाने की मांग कलेक्टर से की है।

# अब बनियातोरा के ग्रामीणों को गांव में मिलेगा राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा



बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा सीमा लगे ग्राम पंचायत परकोम में उचित मूल्य की दुकान संचालित है। इस पंचायत के आश्रित ग्राम बनियातोरा सम्मिलत है। इस ग्राम के लोगों को राशन लेने 6 से 7 किलोमीटर दूरी तय कर जाना पड़ता है और तो और ग्राम बनियातोरावासी बरसात के दिनों में कीचड़ भरी कच्ची सड़क जो कन्हार मिट्टीयुक्त है। यदि बारिश हुई तो पैदल चलना मुश्किल है। लोगों को भारी परेशानियों का सामना कर जाना पड़ता है। चूंकि, इस गांव के लिए बहुत परेशानी कई सरकार आए और चले गए, लेकिन सिर्फ आश्वसन ही मिला। आज भी इस गांव के लोग पक्की सड़क के लिए तरस रहे है। इस पंचायत के नवीन सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल ने बताया कि इस गांव के 160 राशन कार्डधारियों को अब हर माह ट्रैक्टर से राशन ले जाकर गांव में इसी माह से राशन वितरण की शुरूआत की गई। उन्होंने बताया कि वहां के हितग्राहियों को राशन लेने ग्राम पंचायत परकोम जाना पड़ता था। बरसात के दिनों में लाने ले जाने में भारी परेशानी होती है। इसे देखते हुए गांव में राशन बांटने का निर्णय लिया गया। इससे से ग्रामीण अति उत्साहित है।

ग्रामीणों ने सरपंच का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जनपद सदस्य लोचन पटेल, सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल, उपसरपंच खिलावन यादव, गणेश पटेल, नवीन सेन, यादराम पटेल, अमरसिंह पटेल, यादोराम हितग्राही, सोहंद्री सेन, रीनाबाई, सुकवारो, श्यामबाई, नीतू, बिमला, लीलाबाई इत्यादि उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### बेटी उड़ाही आगास म का प्रसारण आज रेडियो पर

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ी कहानी लेखक चंद्रहास साहू की कहानी बेटी उड़ाही आगास म का प्रसारण आज रेडियो पर सुबह 8 बजे होगा। लेखक श्री साहू कृषि विभाग ने आरईओ के पोस्ट पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि यह कहानी बेटियों को सम्बल देने के लिए लिखी गई है, जिसमें एक किशोरी मालती को कहानी लिखने का शौक था। उसने कहानी लिखकर एक प्रख्यात लेखक के पास पहुंची। उस लेखक ने उसकी अवहेलना की और बेटी की प्रतिभा वहीं दबकर रह गई थी। दिन बीतते गए और बेटी की शादी हो गई। बाल बच्चे भी हो गए। शादी के बाद जब उसकी बेटी और पति को मालती की इस प्रतिभा का पता चला तो उसने काफी कोशिश के बाद पाई पाई जोड़कर उसकी कहानी का प्रकाशन करवाया। इस कहानी को राज्य स्तर पर बेस्ट सेलर का अवार्ड मिला।

### रिया ने राष्ट्रीय कराते में गोल्ड जीता

**धमतरी।** झारखंड के रांची में आयोजित राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में धमतरी के रिया फूटान ने गोल्ड मैडल जीतकर अपने परिवार, धीवर समाज एवं छत्तीसगढ़ को



गौरवान्वित किया। ज्ञात हो कि रांची में आयोजित राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में नगर के 11 कराते खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें से 9 खिलाड़ियों ने झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, बिहार एवं उत्तरप्रदेश के खिलाड़ियों को हराकर फाइनल जीतकर पदक प्राप्त किया। ओवरआल चैम्पियन में छत्तीसगढ़ दूसरे नंबर पर रहा। रिया फूटान की इस उपलब्धि पर धमतरी कराते डू एसोसिएशन के साथ धीवर समाज ने खुशी जाहिर की है।

### सशिमं खपरी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक विद्यालय खपरी में कक्षा पंचम का परिणाम उत्कृष्ट रहा। यामिनी पिता भुनेश्वर साहू ने 95.50 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। संध्या साहू पिता भूषण साहू 90 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही। टेमिन पिता सुमंत साहू 88.50 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय रही। द्रोणकुमार साहू की पुत्री विभा साहू 87.50 प्रतिशत अंक लेकर चतुर्थ स्थान पर रही। संस्था प्रमुख लोकेश साहू, संयोजक भगवान सिंग रायपुरिया, उपाध्यक्ष भोलाराम सिन्हा, समिति सदस्य भरतराम साहू, कन्हैयालाल साहू, पंचराम ध्रुव, पीतांबर साहू, देवनारायण साहू, भोपसिंह साहू, आचार्यगण श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू, लीलेश्वरी साहू, त्रिक्षा साहू, श्रीमती जानकी साहू, श्रीमती सपना यादव ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### छाती में सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई विदाई

**पुरी।** स्व. भोपालमणि यादव शाउमावि छाती के प्रभारी प्राचार्य बीआर साहू का 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने के बाद विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बीआर साहू ने 2017 से 2025 तक संस्था में प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य किया। सत्र 2024 में 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कई कार्यों के फलस्वरूप उन्हें मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान मिला। श्रीमती सरिता सिन्हा व्याख्याता एवं ओमप्रकाश साहू शिक्षक को भी स्थानांतरण पश्चात विदाई सम्मान दिया गया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, सदस्यगण चैतराम साहू, दूडेश्वर यदु, महेश्वरी चंद्राकर, तुकाराम साहू, गजानंद कैसाल, सुरेंद्र चंद्राकर, शिव चंद्राकर, डिगेश्वर साहू, गणेशराम चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, शुभम चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, मेणार्क चंद्राकर, खिलेश्वर चंद्राकर, विजय चंद्राकर, माध्यमिक शाला विकास समिति अध्यक्ष नरोत्तम साहू, विनीता सिन्हा, अनिल नागवंशी, सेवकराम खरे, कल्पना हुखरे, रश्मि नन्नावरे, अंबालिका साहू, फलदेवी साहू, गार्गी साहू, ममता ठाकुर, भोजराम साहू, दुर्गेश ध्रुव, ओमप्रकाश सोनवानी, उपेंद्र साहू समेत ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

समिति ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, बताई अपनी व्यथा

# न्यायालयीन आदेश का पालन नहीं, जोगीडीह में बसेंगे डूब प्रभावित, देंगे अनिश्चितकालीन धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



गंगरेल बांध प्रभावित जनकल्याण समिति ने जोगीडीह में बसने तथा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की सूचना कलेक्टर तथा अनुविभागीय अधिकारी को दी है।

सोमवार को गंगरेल डूब प्रभावितों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा है। समिति के कार्यकारिणी अध्यक्ष हरिशंकर मरकाम ने बताया कि गंगरेल डूब प्रभावितों के रिट पिटिशन में उच्च न्यायालय ने 16 दिसंबर 2020 को आदेश पारित किया जिसमें तीन माह के भीतर सक्षम प्राधिकारी को जांच कर प्रभावितों को भूमि आबंटन करने कहा था लेकिन चार साल व्यतीत होने के बाद भी न्यायालयीन आदेश का पालन नहीं किया गया। यह न्यायालयीन आदेश की अवमानना है। डूब प्रभावित निम्न गरीब वर्ग से हैं। संबंधित विभाग को बार- बार आवेदन, निवेदन के माध्यम से उचित न्याय दिलाने की मांग करते आ रहे हैं लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक कोई न्यायसंगत कार्रवाई नहीं की गई जिससे डूब प्रभावितों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

समिति ने अपने ज्ञापन में कहा है कि जब तक सक्षम अधिकारी से जांच करवाकर उचित मुआवजा एवं भूमि आबंटित नहीं की जाती है तब तक डुबान प्रभावितों के लिए आरक्षित भूमि कम्पार्टमेंट नं 117 ग्राम जोगीडीह में जाकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे तथा वहीं बसेंगे। किसी प्रकार की स्थिति बिगड़ने पर इसकी जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से संरक्षक महाराजीराम ध्रुव, अध्यक्ष आत्माराम ध्रुव, कार्यकारिणी अध्यक्ष हरिशंकर मरकाम, पंडोराम मंडावी, पुष्कर सोरी, घनश्याम मरकाम, रोहित ध्रुव, जयकुमार सेन, मूलकराम सिन्हा, किसुन पागेटी, प्रफुल्ल कुंजाम, चंद्रकांत साहू सहित अनेक डूब प्रभावित मौजूद थे।

# मोंगरागहन पहुंचे कलेक्टर, स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनबाड़ी का किया औचक निरीक्षण

- आंगनबाड़ी के नन्हें-मुन्ने बच्चों के जवाब से हुए खुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले के अंतिम छोर में बसे गांव मोंगरागहन पहुंचकर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने उप स्वास्थ्य केन्द्र मोंगरागहन में ग्रामीणों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूछा और प्रतिदिन इलाज के लिए आने वाले मरीजों के पंजीयन की जानकारी ली और ओपीडी रजिस्टर भी जांच की।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्वास्थ्य अधिकारी से कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की जानकारी ली। उन्होंने संस्थागत प्रसव के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

डॉक्टरों ने बताया कि भवन की जर्जर स्थिति होने के कारण यहां प्रसव सुविधा बंद कर दी गई है। इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने मोंगरागहन में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का भी मुआयना किया। उन्होंने नन्हें-मुन्ने बच्चों से दीवार पर लगे सब्जियों के चित्र, गिनती, अक्षरों के बारे में पूछा। बच्चों ने भी कलेक्टर को उत्साहित होकर सही-सही जवाब दिया।

कलेक्टर न बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार के बारे में जानकारी ली और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि वे बच्चों को पौष्टिक और गरम पका भोजन दें, इसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की जानकारी ली और उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी पूछा। इसके साथ ही रेडी-टू-ईट के पैकेट्स की भी जांच की। उन्होंने निर्देशित किया कि रेडी-टू-ईट के पैकेट्स एक्सपायरी डेट के न हों, इस बात का ध्यान रखें।

## नन्हीं सी बेटी ने बनाया विश्व रिकार्ड

- मानव शरीर के 31 अंगों की सटीकतापूर्वक की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



श्रीनिका उंदिरवाड़े

डेढ़ साल की कम आयु में मानव शरीर के 31 अंगों की पहचान कर श्रीनिका उंदिरवाड़े ने विश्व रिकार्ड बनाया है। यह रिकार्ड 7 जनवरी 2025 को दर्ज किया गया है। श्रीनिका की मां शुरू से ही उसे सीखने की ओर अग्रसर करते आ रही हैं। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक धमतरी के कैशियर निखिल रामप्रसाद उंदिरवाड़े और धनश्री उंदिरवाड़े की पुत्री श्रीनिका उंदिरवाड़े ने डेढ़ साल से कम आयु में मानव शरीर के अंगों की पहचान कर अपना नाम विश्व रिकार्ड में दर्ज कराया है। उन्होंने मानव शरीर के 31 अंगों की सटीकता पूर्वक पहचान की है। श्रीनिका का नाम वर्ल्डवाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। उनका यह नया विश्व रिकॉर्ड वास्तव में विस्मयकारी है। छोटी सी बच्ची का इतनी तेजी और सटीकता के साथ मानव शरीर के अंगों की पहचान करना असाधारण क्षमता का उदाहरण है। वह भी ऐसी उम्र में जब अधिकांश बच्चे सीखने की शुरुआत करते हैं। श्रीनिका के माता-पिता ने बताया कि उन्होंने श्रीनिका को छोटी उम्र से ही जिज्ञासा और ज्ञान के लिए प्रोत्साहित किया और किताबों और अन्य माध्यमों से शिक्षा प्रदान की।

## अरौद में पुतरा-पुतरी का हुआ विवाह

**मगरलोड।** ग्राम अरौद के आदर्श मिलन चौक के दुर्गा मंच में अक्षय तृतीया अक्ती पर्व पर पूरे रीति-रिवाज के अनुसार पुतरा पुतरी का विवाह कराया गया। विवाह के दो दिन पूर्व ही विवाह आमंत्रण कार्ड छपवाकर ग्रामवासियों को वितरण किया गया। तेल हल्दी की रस्म पूरी कर बारात पूरे बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। सजे हुए मंडप पर बैठकर दूल्हा दुल्हन का मौर सौंपा गया। दुल्हन की विदाई की गई। यह विवाह पूरे रीति रिवाज के साथ किया गया। घराती बराती बने लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को पुष्पित पल्लवित करने के उद्देश्य से पुतरा पुतरी का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में कामताराम साहू, यमुना साहू सहित मोहल्लेवासियों का सहयोग रहा।

## आत्मानंद स्कूल हटकेशर का परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उमा विद्यालय हटकेशर में कक्षा 6वीं, 7वीं, 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम प्राचार्य राजकुमार शर्मा द्वारा घोषित किया गया। परीक्षा प्रभारी देवशंकर देव ने बताया कि कक्षा 6वीं एवं 7वीं का परिणाम 100 प्रतिशत, 9वीं का परिणाम 58 प्रतिशत एवं कक्षा 11 वीं का परिणाम 88 प्रतिशत रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री शर्मा ने कहा कि यह परीक्षा, अंतिम परीक्षा नहीं है। हमें जीवन में अनेक परीक्षाओं का सामना करना है और सफलता हासिल करनी है। मौके पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष केवलराम साहू, व्याख्याता श्रीमती अनीता घोरपडे, रामानंद साहू, घनश्याम सिंह साहू, ओमप्रकाश नाग, श्रीमती चम्पा चंद्राकर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।













